जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-32 | जयपुर, सोमवार, 23 अगस्त, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

#राजस्थान_सतर्क_है

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

Rajiv 75


150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

"यदि किसान कमज़ोर हो जाते हैं तो देश आत्मनिर्भरता खो देता है,
लेकिन अगर वे मज़बूत हैं तो देश की स्वतंत्रता भी मज़बूत हो जाती है"
-राजीव गांधी



राजस्थान संवाद

राजीव गांधी
(20 अगस्त 1944 - 21 मई 1991)
की 77वीं जयंती
सद्भावना दिवस
पर उन्हें शत-शत नमन



अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# डॉ. अशोक टोकस के जन्मदिन पर हुआ पौधारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन




जयपुर (हमारा वतन) चौमूं शहर के राधास्वामी बाग स्थित टोकस गैस्ट्रो एंड स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अशोक टोकस के जन्मदिन पर पौधारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

राधास्वामी बाग सहित कई स्थानों पर जांगिड़ समाज के पदाधिकारियों के के साथ डॉक्टर टोकस ने गुल्लर समेत अन्य किस्मों के 101 पौधे लगाए ।

इसके बाद अस्पताल परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान कुमावत समाज, यादव समाज, जाट समाज, सैनी समाज, जांगिड़ समाज, ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाज के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने डॉक्टर टोकस को माला और साफा पहनाकर सम्मान किया ।

रक्तदान शिविर में दुसाद ब्लड बैंक और बराला ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 104 युवाओं ने रक्तदान किया । डॉक्टर टोकस ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । साथ ही कुंडा धाम परमानंद जी महाराज की तपोस्थली पर स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर श्रवण बराला,डॉक्टर ग्यारसी लाल बराला, डॉक्टर बीआर शेरावत, डॉक्टर सुभाष सैनी ,रामस्वरूप जांगिड़ आदि द्वारा अभिनंदन किया गया ।




# रक्तदान कर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने राजीव गाँधी की जयंती मनाई

रतलाम (हमारा वतन) आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा एवं युवाओं के पक्षधर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 77 वी जयंती पर रतलाम शहर एनएसयूआई द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत, शैलेंद्र सिंह अठाना, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजय सिंह चौहान, हितेश पैमाल, जोएब आरिफ, अनिल पुरोहित ,रवि वर्मा ,संदीप नागर उपस्थित रहे । बड़ी संख्या में युवा छात्रों ने एनएसयूआई शहर अध्यक्ष नीलेश शर्मा के नेतृत्व में रक्तदान किया । इस अवसर पर प्रदेश सचिव एनएसयूआई आयुष सिंह राठौड़, दीपू सरदार ,एरिक जॉर्ज, नारायण चौधरी, करण सिंह ,अमन राठौर, राज उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया ।



# श्री गांधी सेवा सदन बयाना के संचालक मंडल की बैठक हुई संपन्न

श्री गांधी सेवा सदन बयाना के संचालक मंडल की बैठक संस्था के प्रधान कार्यालय बयाना पर आयोजित की गई । बैठक में संस्था के 14 सदस्य उपस्थित रहे । सभा में संस्था मंत्री राम भरोसी गुप्ता ने वर्ष 2020 -2021 का ऑडिटेड चिटठा सभा के समक्ष रखा ।

इसके अनुसार कोरोना काल के बावजूद संस्था बचत में रही । इस पर सभी ने सहमति जाहिर करते हुए संस्था के मंत्री व कार्यकर्ताओं को बधाई दी । गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल के बावजूद सभी कर्मचारियों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए ड्यूटी को बदस्तूर जारी रखा । साथ ही संस्था के कतवारी - बुनकरों ने लॉकडाउन होते हुए भी खादी की कताई बुनाई का कार्य जारी रखा ।

संस्था की बचत और महंगाई को दृष्टिगत रखते हुए कार्यकर्ताओं के मासिक वेतन में 500 रूपए प्रतिमाह की वृद्धि की गई । सभा में पूर्व प्रधान व संस्था के सदस्य महेंद्र तिवारी, गिरधारी तिवारी, योगेश सिंघल, दाऊदयाल गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, राकेश गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, रामदयाल अग्रवाल, आनंदीलाल, सोहनलाल, ओम प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे । सभा का संचालन डॉक्टर कुमार शास्त्री के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ ।



## कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता वोट की चोट देने के लिए तैयार बैठी है- रामलाल शर्मा

चौमूं (हमारा वतन) भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा 29 अगस्त को होने वाले जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावो में भाजपा वार्ड प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से जनसंपर्क किया। विधायक शर्मा ने अनंतपुरा जैतपुरा, फतेहपुरा, कुशलपुरा, बांसा, महारकला जाटावाली, सामोद में मतदाताओं से जनसंपर्क किया।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि पौने 3 सालों में विकास का पहिया रुक सा गया है। कांग्रेस सरकार के आने के बाद किसानों कि अवैध वीसीआर भरकर परेशान करना, 833 रुपयों की सब्सिडी बन्द, डीजल पेट्रोल पर वेट बढ़ाना, किसानों के कर्ज को माफ नही किया, भ्रष्टाचार दुष्कर्म जैसी घटनाओं मे बढ़ोतरी आदि चीजों से जनता त्रस्त हो चुकी है और आने वाली 29 अगस्त को जनता वोट की चोट देकर कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।विधायक रामलाल शर्मा के जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# प्रसिद्ध एंकर प्रीति सक्सेना मल्टीपल अवॉर्ड से हुई सम्मानित

जयपुर (हमारा वतन) अपनी मधुर आवाज से सबको दीवाना बनाने वाली प्रसिद्ध एंकर प्रीति सक्सेना मल्टीपल अवॉर्ड से सम्मानित हुई हैं ।

गौरतलब है कि लॉयंस क्लब जयपुर डॉयमंड की मेंबर लॉयन प्रीति सक्सेना को थैलेसिमिया डिजीज और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए मल्टीपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। लॉयंस क्लब इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 की ओर से उन्हें यह सम्मान दिया गया।

एंकरिंग के क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल करने वाली प्रीति राजस्थान एंकर एसोसिएशन की सचिव भी हैं। उन्हें समाजसेवा के साथ कुशल मंच संचालन के लिए विभिन्न संस्थाओं ने पूर्व में भी सम्मानित किया है।



इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लॉयन सुनी गोयल, सेक्रेटरी आलोक अग्रवाल, काउन्सिल चेयरपर्सन जेपी अग्रवाल, वाइस डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोशन सेठी, लॉयन सुदेश तनेजा भी मौजूद रहे।

# समाजसेवी डॉ नरेंद्र जोशी को मिला सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) योग के क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाले कायाकल्प संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सर्राफ के कर कमलों द्वारा यस एनजीओ के संस्थापक डॉ नरेंद्र जोशी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान दिया गया। गौरतलब है कि डॉ नरेंद्र जोशी लगातार अपने एनजीओ द्वारा कोरोना महामारी में लोगों की जीवन रक्षा हेतु लगे हुए हैं और समाज सेवा में सतत् लगे रहते हैं । एनजीओ द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत निः शुल्क सेनेटरी पैड्स भी वितरित किए जाते हैं तथा वर्ष 2021 के अंत तक इनका टारगेट 50000 पैड पैकेट्स वितरित करने का है और इसके लिए इन्हें लगातार जनसहयोग मिल रहा है।



# भारत स्काउट गाइड संगठन के स्टेट चीफ कमिश्नर ने ली बैठक



उदयपुर (हमारा वतन) राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान में सर्किट हाउस में जे.सी मोहंती स्टेट चीफ कमिश्नर स्काउट गाइड ने उदयपुर संभाग के सभी जिलों के नव नियुक्त जिला मुख्यायुक्त एवं जिला संगठन आयुक्त की आवश्यक बैठक लेकर भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा हाल ही में किये गए नियमों में संसोधनों के अनुसार जिला सेटअप व्यस्था को सुचारू और सुव्यवस्थित करने के लिए आवश्यक निर्देशन, मार्गदर्शन दिया गया।

बैठक की शुरूआत में अतिथियों का स्काउट गाइड संगठन का स्कार्फ पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन कियाइस अवसर पर देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के आयुक्त एवं उदयपुर मण्डल भारत स्काउट व गाइड के डिवीजनल चीफ़ कमिश्नर जितेन्द्र कुमार उपाध्याय ने संभाग की उपलब्धियों एवं परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लिखाला, सहित जिलो के सी ओ स्काउट एवं गाइड सुरेंद्र कुमार पाण्डे, उदयपुर, छैल बिहारी शर्मा, राजसमंद,दीपेश शर्मा बांसवाड़ा, चंद्र शंकर श्रीवास्तव प्रतापगढ़,रेखा शर्मा प्रतापगढ़ ने अपने अपने जिले की श्रेष्ठ उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जितेन्द्र कुमार उपाध्याय ने जें.सी मोहंती सहित सभी जिलों के उपस्थित मुख्य आयुक्त बांसवाड़ा के फूलचंद पारगी, चितौड़गढ़ के डा. श्याम सिंह मणडलिया, प्रतापगढ़ के रामलाल, राजसमंद के डा राकेश तेलंग का शाब्दिक स्वागत किया।

बैठक का संचालन रामजस लिखाला, सुरेंद्र पाण्डे एवं दीपेश शर्मा ने किया। सभी ने उदयपुर संभाग की भारत स्काउट गाइड प्रवृति को निरंतर प्रगति शीलता एवं हर संभव सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया।

# पर्यावरण प्रेमी थानाराम जाट की मेहनत लाई रंग

चौमूं (हमारा वतन) अरावली पर्वत श्रृंखला के सामोद माला गिरी पर्वत पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य पर्यावरण प्रेमी थानाराम जाट के नेतृत्व मे 26 फरवरी 2017 से सघन वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया था ।



जिसमें थूहर रोपण, बरगद ,पीपल, रोहिड़ा, खेजड़ी ,अशोक ,नीम, गूलर ,आंवला ,बेलपत्र आदि के अब तक लगभग 1700 पेड़ लगाए जा चुके हैं, जो अभी जीवित है ।

पर्यावरण प्रेमी थानाराम जाट ने बताया कि गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा तथा अन्य समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और लगन से लगाए गए इन पौधों का परिणाम अब सामने आने लगा है । 2017-18 में लगाए गए छोटे पौधे बड़े -पेड़ों का रूप ले चुके हैं, जिनमें फल भी लगने लगे हैं और इस भीषण गर्मी में छाया भी देने लगे । बरगद राष्ट्रीय वृक्ष है जो मानसून के बादलों को बरसाने के लिए मजबूर करता है । 3 किलोमीटर की परिधि में सघन वृक्षारोपण किया गया है । बहुत ही शानदार दृश्य बन चुका है ।

चौमूं विधानसभा के विधायक रामलाल शर्मा ,पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी एवं वन विभाग के द्वारा किए गए सक्रिय सहयोग गायत्री परिवार को मिला है ।

## जॉब्स

1. कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 25271, अंतिम तिथि 31अगस्त 2021
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद असिस्टेंट फायर ऑफिसर और फायरमैन, पद संख्या 629, अंतिम तिथि 16 सितंबर 2021,
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस, पद संख्या 988, अंतिम तिथि 2 सितंबर 2021
4. रेलवे रिक्रूटमेंट सेल (एनसीआर), पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1664 अंतिम तिथि 1 सितंबर 2021
5. पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1110, अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021
6. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), पद असिस्टेंट मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, पद संख्या 68, अंतिम तिथि 2 सितंबर 2021
7. सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पद कांस्टेबल जीडी खेल कोटा, पद संख्या 269, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2021
8. उत्तराखंड सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन कमिशन, पद फॉरेस्ट गार्ड, पद संख्या 894, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2021

(कविता )

## रक्षाबंधन



- महेन्द्र सिंह कटारिया विजेता (सीकर)

राखी का त्यौहार आया,
खुशियों की सौगात लाया।

पाने बहिना भाईयों से उपहार।
बेसब्री से करती जिसका इंतजार।
सजे रंगबिरंगी राखी से बाज़ार।
करते मिल उत्साह का इज़हार।
स्नेह बहिना ने अपनों का पाया।
राखी का त्यौहार .......।

श्रावण मास पूर्णिमा पर्व।
स्नेहातुर करती बहनें गर्व।
रिश्ता अटूट जो इस संसार।
रक्षासूत्र बाँध पाती सत्कार।
उत्साह भाव चहुँदिशा छाया।
राखी का त्यौहार.......।

रोली अक्षत घेवर संग
खुशियों की बहार।
रेशम की डोर से जुड़ता
अपनों का प्यार।
भाई बहिन का रिश्ता
राखी से बनता खास।
बहिना बांधती भाई के
हाथों अपना विश्वास।
निश्छल प्रेम भगिनी का
धागे में समाया।
राखी का त्यौहार.......।

हो चाहे कितनी दूर
फिर भी भूल न पाती है।
रक्षाबंधन के अवसर
बहन भाई के आती है।
स्नेह-प्रीत की डोर
दोनों की बड़ी अनमोल।
पाओं कामयाबी सदा
अरदास के यही बोल।
देने उपहार बहिन को
भाई लाया
राखी का त्यौहार.......।

# यूईएम जयपुर लीडरशिप इन टीचिंग एक्सीलेंस (लाइट) कार्यक्रम के लिए हुई चयनित

जयपुर (हमारा वतन) यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर एआईसीटीई लाइट कार्यक्रम के तहत पूरे भारत के 50 सर्वश्रेष्ठ संस्थानों के पहले बैच में चयनित होने वाला एकमात्र निजी विश्वविद्यालय बन गया है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि यूईएम, जयपुर को राजस्थान से एकमात्र विश्वविद्यालय व संपूर्ण भारतवर्ष के एआईसीटीई द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम के तहत चयनित 2 विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया है।




20 अगस्त, 2021 को लॉन्चिंग कार्यक्रम में एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि और एआईसीटीई के उपाध्यक्ष प्रो. एम.पी. पूनिया ने इस कार्यक्रम के तहत चयनित संस्थानों के नामों की घोषणा की।

यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, (यूईएम) जयपुर की स्थापना वर्ष 2011 में 2011 के अध्यादेश 11 और राजस्थान सरकार के 2012 के अधिनियम संख्या 5 द्वारा की गई थी और 10 वर्षों की बहुत ही कम अवधि के भीतर यूईएम, जयपुर एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। यूनिवर्सिटी का उद्देश्य परिणाम आधारित शिक्षा, सभी पात्र छात्रों को प्लेसमेंट, अनुसंधान, प्रकाशन, नवाचार और उद्यमिता के लिए समर्थन, विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम और पूरे देश के छात्रों को मजबूत संकाय आधार प्रदान करना है।

यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने बताया कि कौशल आधारित शिक्षा और प्री-प्लेसमेंट प्रशिक्षण सत्र बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी के इच्छुक या उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले छात्रों को अतिरिक्त बढ़त देते हैं। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और दुनिया के प्रसिद्ध संस्थानों के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के साथ नियमित बातचीत हमारे छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती है और उन्हें विदेशी नौकरी और इंटर्नशिप हासिल करने में सक्षम बनाती है। अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार और विदेशी व्याख्यान छात्रों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। वे दुनिया की शीर्ष पत्रिकाओं में शोध लेख प्रकाशित कर सकते हैं, वे पेटेंट फाइल कर सकते हैं और अपना स्टार्ट-अप भी शुरू कर सकते हैं।

डॉ चटर्जी ने बताया कि एआईसीटीई लाइट कार्यक्रम के तहत यूईएम जयपुर के 2 शिक्षकों को इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए एआईसीटीई द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा और यूईएम जयपुर एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय, एमएचआरडी के लीडरशिप इन टीचिंग एक्सीलेंस कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर होगा।

प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार ने बताया कि यूईएम जयपुर स्टार्ट-अप्स और इनोवेशन का हब है। अत्याधुनिक इनोवेशन लैब रोबोट, 3-डी प्रिंटर, ड्रोन, IoT डिवाइस और बहुत कुछ विकसित करने के लिए सभी आवश्यक उपकरण और सॉफ्टवेयर प्रदान करती है।

महामारी में भी नियमित ऑनलाइन कक्षाएं, परीक्षा और मूल्यांकन छात्रों को एक भी दिन गंवाए बिना निर्धारित समय में स्नातक पूरा करने के लिए मजबूर करता है। उद्योगों के साथ निरंतर संपर्क यूईएम जयपुर को पाठ्यक्रम में नवीनतम और उभरते विषयों और विषयों को शामिल करने में सक्षम बनाता है, ताकि छात्र पास आउट होने पर उद्योग के लिए तैयार हो सकें। लाइव उद्योग परियोजनाएं, इंटर्नशिप और परामर्श हमारे छात्रों को वास्तविक कामकाजी माहौल की कठिनाइयों के बारे में सीखते हैं। इस वर्ष प्लेसमेंट के लिए उच्चतम पैकेज 72 लाख प्रति वर्ष था, जो पूरे देश में सबसे अच्छे वेतन पैकेज में से एक है। नियमित खेल, सांस्कृतिक और तकनीकी कार्यक्रम छात्रों को एक स्वस्थ और बेहतर इंसान बनाते हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

संदीप अग्रवाल उप-परियोजना निदेशक ने बताया कि यूईएम जयपुर में सभी प्रकार के आउटडोर और इनडोर खेलों के साथ-साथ सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों के लिए जिम की सुविधा है। विश्वविद्यालय को यूजीसी, एआईसीटीई, आईएपी, आईसीएआरए, एआईयू, आईएसओ, एसीयू, एआईएमएस, एआईएमए द्वारा अनुमोदित और मान्यता प्राप्त है और एनपीटीईएल, क्यूएस, आईआईसी, टाइम्स और एमएचआरडी द्वारा शीर्ष पदों पर मूल्यांकन किया गया है।

(कविता)

## राखी का डिजिटलीकरण



योगिता शर्मा जयपुर



युग बदला अब
बदल गया ज़माना सारा
हुई राखी भी डिजिटल
नेग करता भाई पेटीएम
आरती भी उतारती
अब बहना डिजिटली
भाई भी रक्षा की कसम
अब खाता मैसेंजर पर
दूरियां न बाँट पायी
जिन रिश्तों को
उनको भी बाँट दिया
इस डिजिटलाइजेशन ने
त्यौहार रह गए फॉर्मेलिटी
चूक गया डिजिटल युग
मुँह मीठा न करा पाती
बहना भाई का डिजिटली
बेसन के लड्डूओं की जगह
ले ली कैडबरी डेरी मिल्क ने
वाह रे डिजिटलीकरण
यह कैसा युग आया
बदल गया सारा स्वरूप
सच्चे रिश्तों का
युग बदला अब
बदल गया ज़माना सारा।

## राजस्थान बलाई समाज धर्मार्थ सेवा समिति की साधारण सभा 26 को

जयपुर (हमारा वतन) मोरीजा रोड कागल्या हनुमान मंदिर के सामने स्थित बलाई समाज सभा-भवन में राजस्थान बलाई समाज धर्मार्थ सेवा समिति रामदेवरा (जैसलमेर) के अध्यक्ष गिरधारी लाल बेसरवाडिया की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में सर्व सम्मति से साधारण आम-सभा 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे कराने का निर्णय लिया गया।



सभी सम्मानित आजीवन समिति सदस्यों को पुनः सूचना प्रेषित कराने, अन्य कार्य व्यवस्था आम-सभा पश्चात विधिवत चुनाव कार्य कराने, प्रस्ताव के अनुसार धर्मशाला रामदेवरा में आवश्यक सहयोगार्थ पदाधिकारीगण जाकर मेला व्यवस्था में कोविड पालनानुसार सहयोग प्रदान कराने, साथ ही प्रस्ताव तीन के अनुसार धर्मशाला केस की आगामी 6.10.21 को होने वाले फैसले व अन्यान्य धर्मशाला व्यवस्था हित आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कोषाध्यक्ष गोपाल लाल सोगण द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी गई। अन्त में कैलाश चन्द्र मोरदिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर समिति के संरक्षक सेवानिवृत्त एडीएम के.आर. बुनकर, उपाध्यक्ष गोपीराम चौहान, बी.एल. वर्मा, उपाध्यक्ष राजपाल सिंह नारनोलिया, हनुमान सहाय झाटीवाल, रामपाल खारडिया, रमेशचंद्र, बिरदीचन्द, रामकरण गोठवाल, नाथूलाल, रामेश्वर लाल हरसोलिया, रामावतार बॉयला आदि मौजूद रहे।



## राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

चौमूं (हमारा वतन) शहर के मोरीजा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन पर पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'सद्भावना दिवस' पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि आज हम जिस युवा भारत को देख रहे हैं वह कभी एक महान नेता का सपना हुआ करता था जिसने देश में कंप्यूटर क्रांति की नींव रखी। युवा और कर्मठ नेता राजीव गांधी की आज जयंती है। राजीव गांधी ने अपने अल्पकाल के शासन में ही देश को ढेरों सपने दिखाए, जिनमें ज्यादातर सपने आज पूरे होते दिखाई दे रहे हैं।

इस मौके पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नानकराम लांबा, संतोष कुमार सैनी, पार्षद अर्जुन लाल सैनी, अशोक कुमार रच्छौया, इमामुद्दीन कुरेशी, रमेश कुमार सैनी, आलम खां, हीरालाल जादम, भीम सिंह लांबा, जगदीश शेरावत, रामचंद्र भौमका, एमडी भदाला, कैलाश बुटोलिया, ओम भगत, सुभाष सैनी, विनोद कुमार आर्य, राकेश इंदोरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने फीता काटकर कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय का किया उद्घाटन

चौमूं (हमारा वतन) ग्राम इटावा भोपजी में चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने फीता काटकर कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि पंचायत समिति का प्रधान व जिला प्रमुख कांग्रेस का बनाना है ,इससे सरकार की कड़ी से कड़ी जुड़ेगी और निश्चित तौर पर विकास की गंगा बहेगी। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के साथ सभी कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क किया।

कांग्रेस प्रत्याशी गिरधारी लाल बुनकर ने जिला परिषद प्रत्याशी पवन कुमार वर्मा को मत व समर्थन देकर विजय बनाने की अपील की।

### राजस्थान पर्यटन को 'मेला और महोत्सव' श्रेणी में मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन पुरस्कार

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान अपनी कला, संस्कृति, मेले और महोत्सव के आयोजन की दृष्टि से हमेशा देशी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद रहा है। पर्यटन की हर दृष्टि से लुभावना रहा राजस्थान सर्वश्रेष्ठ पर्यटन पुरस्कार प्राप्त कर सुर्खियों में आया। नई दिल्ली में शुक्रवार को आईसीएम ग्रुप द्वारा आयोजित सातवें आईटीसीटीए बी2बी अंतराष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो कॉन्क्लेव सम्मान समारोह में राजस्थान को पर्यटन की दृष्टि से 'मेला और महोत्सव' आयोजन की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन सम्मान से नवाजा गया। सम्मान समारोह में यह पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश पर्यटन के प्रमुख शासन सचिव शिओ शेखर शुक्ला से राजस्थान पर्यटन विभाग के दिल्ली पर्यटक सूचना केंद्र की सहायक निदेशक सुश्री सुमिता मीना और छत्तरपाल यादव ने ग्रहण किया।

## फिल्म अभिनेता राज जाँगिड को मिला जयपुर च्वाईस अवार्ड

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाने का कार्य करना बहुत बड़ा काम है और इसी श्रृंखला में राज्य सरकार के बाद सामाजिक स्तर पर समाजसेवा में सदैव अग्रणी रहने वाली संस्था बेटी फाउण्डेशन ने राजस्थान के जानें मानें प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राज जाँगिड को जयपुर च्वाईस अवार्ड से सम्मानित किया।



बेटी फाउण्डेशन के डायरेक्टर राहुल शर्मा ने बताया की दर्जनों हिंदी, राजस्थानी फिल्मों एवं अनेकों धारावाहिकों में अभिनय कर चुके राजस्थान में अक्षय कुमार के नाम से प्रसिद्ध अभिनेता राज जाँगिड द्वारा अभिनित और निर्मित हाल ही में सामाजिक मुद्दे पर राजस्थानी फिल्म बनाकर जनता को बहुत अच्छे संदेश के साथ सामाजिक फिल्म माँ के जरिए जागरूकता फैलाने का काम किया था और साथ ही जब से कोरोना काल शुरू हुआ तब से रोजाना सोशल मीडिया के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करने के लिए अपने विडियो बना - बना कर कोरोना जैसी भयावह बीमारी के परिणाम से जनता को अवगत कराने में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

फाउण्डेशन के राज शर्मा ने बताया की बेटी फाउण्डेशन देश की कई सामाजिक हस्तियों को सम्मानित कर चुके है और फाउंडेशन का उद्देश्य भी यही है की जो देश हित में कार्य करें उनका मान सम्मान हो और हमारी संस्था यहीं कर रही है। इस अवसर पर ब्रॉण्ड एम्बेसडर मेघा शर्मा, दीप्ति चौधरी, मोहित दुबे, प्रज्ञा डिबरीवाल एवं आर्यन माहेश्वरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# तीसरी लहर का कम होता खतरा

अभी ज्यादा दिन नहीं गुजरे हैं, जब अपने यहां कोरोना की आसन्न तीसरी लहर को लेकर चिंता जताई जा रही थी। कहा जा रहा था कि अगस्त के मध्य से यह लहर देश में दस्तक दे सकती है और इस बार बच्चों पर यह ज्यादा असदार होगी। मगर नए आंकड़े इन आशंकाओं को कम करते दिख रहे हैं।



राम गोपाल सैनी

राहत की सबसे बड़ी वजह तो चौथा राष्ट्रीय सीरो सर्वे है, जो बताता है कि देश की दो तिहाई आबादी में कोरोना वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बन चुकी है। इसका अर्थ है कि हर तीन में से दो भारतीय कोरोना की जंग जीत चुके हैं। 67.6 फीसदी इस सुरक्षित आबादी में स्वास्थ्यकर्मियों की भी अच्छी-खासी संख्या है, और तकरीबन 80 फीसदी डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी अब कोरोना से सुरक्षित हो चुके हैं। हालांकि, वास्तविक संख्या इससे कहीं ज्यादा तकरीबन 85 फीसदी हो सकती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जो लोग कोरोना की पहली लहर में संक्रमित हुए थे, उनमें अब बेशक एंटीबॉडी नहीं दिख रही होगी और सर्वे में वे असुरक्षित पाए गए होंगे, लेकिन असलियत में, वे आज भी सुरक्षित हैं। कोरोना से दोबारा संक्रमण की दर अब भी काफी कम है, बमुश्किल पांच फीसदी। इसलिए, हमारे देश की काफी बड़ी आबादी अब 'इम्यून' मानी जा सकती है। इससे बच्चों पर खतरे का अंदेशा भी काफी कम हो जाता है। हमारा अनुभव यही बता रहा है कि घर में यदि किसी एक सदस्य को कोरोना हुआ, तो कमोबेश पूरा परिवार संक्रमित हो गया। ऐसा दूसरी लहर में काफी ज्यादा दिखा, जिसका कारक वायरस का डेल्टा वेरिएंट था। यह लहर देश भर में देखी गई थी। सीरो सर्वे भी अब बता रहा है कि तकरीबन 50 फीसदी बच्चों में कोरोना के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता दिखी है। इसका सीधा सा मतलब यह है कि हमारे बच्चे कोरोना वायरस से संक्रमित हुए और सफलतापूर्वक उससे बाहर निकल भी आए। तीसरी लहर का जोखिम अब उन लोगों को ज्यादा है, जिनके शरीर में किसी न किसी वजह से अभी तक एंटीबॉडी नहीं बन सकी है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए ये 15 फीसदी लोग भी कम नहीं माने जाएंगे। इस समय विशेष रूप से केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पूर्वोत्तर के राज्यों, कश्मीर, लद्दाख आदि इलाकों में संक्रमण में जो तेजी दिख रही है, उसे कोरोना की तीसरी लहर ही कहना चाहिए। इसमें कोरोना संक्रमण के 'पीक' पर जाने, यानी अपने उच्चतम शिखर पर पहुंचने की आशंका नहीं है। यह लहर इसी तरह से कुछ हजार लोगों को बीमार करती रहेगी, और फिर क्रमशः शांत हो जाएगी।

# राजीव गांधी की दूरदर्शिता से भारत बना सूचना तकनीक का सिरमौरः मुख्यमंत्री

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भारत में सूचना क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज भारत सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पूरी दुनिया का सिरमौर बना हुआ है। शासन, प्रशासन और जीवन के हर क्षेत्र में सूचना तकनीक का स्थान कायम हुआ है। ई-गवर्नेन्स के माध्यम से लोगों का जीवन आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशील, पारदर्शी और जबावदेह सुशासन के लिए प्रदेश में सूचना तकनीक का अधिकाधिक उपयोग पूरी प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित कर रही है। गहलोत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 77वें जन्मदिवस के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित राजस्थान इनोवेशन विजन (राजीव-2021) कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



'सूचना तकनीक से सुशासन' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने राज किसान साथी पोर्टल, आई-स्टार्ट वर्चुअल इन्क्यूबेशन प्रोग्राम और राजीव गांधी आईटी क्विजथॉन का भी शुभारंभ किया। साथ ही, राजीव/75 फंड के तहत 21 चयनित स्टार्ट-अप्स को 2 करोड़ रूपए के फंड का वितरण किया गया।

### प्रदेश में 85 हजार ई-मित्र केंद्रों से साकार हो रहा सुशासन का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने बेहद विकट परिस्थितियों के बावजूद देश को तकनीकी क्षेत्र में नई दिशा दी। उन्होंने इनोवेशन को प्राथमिकता देकर संचार ांति का आगाज किया। उनकी दूरदर्शी सोच और मंशा को अंगीकार करते हुए राजस्थान ने भी आईटी के क्षेत्र में तेजी से कदम आगे बढ़ाए हैं। पारदर्शी और जबावदेह सुशासन के रूप में प्रदेशवासियों को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। राजस्थान में करीब 85 हजार ई-मित्र केंद्र संचालित हैं। अब एक हजार से अधिक जनसंख्या वाले राजस्व गांवों में भी इनकी स्थापना की जा रही है।



## इमरान चौहान और फहीम रज़ा खान ने दिया नैतिक जिम्मेदारी का परिचय

जयपुर (हमारा वतन) इस घोर कलयुग में इमरान चौहान और फहीम रज़ा खान ने ईमानदारी का परिचय दिया है । जानकारी के अनुसार चौमूं बस स्टैंड पर ढोढ़सर निवासी तुषार वर्मा का पर्स गिर गया था । जो चौमूं के वार्ड नंबर 32 निवासी इमरान चौहान को शुक्रवार को मिला था ,लेकिन संबंधित व्यक्ति तक कोई जानकारी न होने के कारण इमरान चौहान ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए इस पर्स को ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रूक्ष्मणि कुमारी के निजी सहायक फहीम रजा खान को सौंप दिया था । इसके बाद रूक्ष्मणि कुमारी के निजी सहायक के द्वारा ग्राम ढोढ़सर में संबंधित व्यक्ति की जानकारी निकाल कर तुषार वर्मा को उनका गुम हुआ पर्स पहुँचा कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाई।

## दुर्गा वाहिनी संगठन की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी




भीलवाड़ा (हमारा वतन) आसींद कस्बे में दुर्गा वाहिनी महिला मंडल की सदस्यो द्वारा रक्षाबंधन के पूर्व कस्बे के पुलिस थाना आसींद एवं बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर कस्बे की महिला सुरक्षा को लेकर अपील की ।

दुर्गा वाहिनी संगठन की जिला संयोजिका प्रीति साहू एवं यशोदा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शांति एवं प्रेम भावना से त्यौहार मनाने से है । दुर्गा महिला मंडल की सदस्याओं में जिला संयोजिका प्रीति साहू, जसोदा कुमारी तेली, मनीषा दाधीच ,सुरभि टेलर, नीतू अरोड़ा, नीतू डांगी, खुशी चुंडावत ,प्रज्ञा लखारा, आरती वर्मा ,पूजा सेन, मोनिका सेन ,आयुषी टेलर ने आसींद पुलिस थाना परिसर पहुंचकर पुलिसकर्मियों के रक्षा सूत्र बांधे एवं बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी पर आसींद पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार मीणा आसींद सीआई महेंद्र सिंह शेखावत, समाजसेवी निर्मल मेहता एवं पुलिस कर्मियों के राखी बांधकर महिला सुरक्षा का वचन लिया ।

इस दौरान दुर्गा वाहिनी मंडल की सदस्यों ने पुलिसकर्मियों के राखी बांध कर, मुंह मीठा करवा कर,तिलक लगाकर त्यौहार मनाया । पुलिस उपाधीक्षक रोहित मीणा एवं सीआई महेंद्र सिंह शेखावत ने महिलाओं को पूर्ण आश्वासन देते हुए महिला सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया ।

## नागरिक अधिकार संस्था के वैक्सीनेशन में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

जयपुर (हमारा वतन) नागरिक अधिकार संस्था राजस्थान पंजीकृत के द्वारा सुमेर नगर अग्रवाल फार्म जयपुर पर कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया गया । संस्था अध्यक्ष सुरेश सैनी ने बताया कि इस कैंप में मात्र 3 घंटे में 341 लोगों को रिकॉर्ड समय में वैक्सीनेट किया गया । कार्यक्रम के संचालन में संस्था के सिद्धार्थ तुनवाल, बलवंत प्रजापति, अनिल सैनी, अभिनव जोशी, जीतू बना, अंकुर गुप्ता, बाबूलाल सैनी, शिवनंदन, रणजीत सिंह, डॉ महेश सैनी, छोटूलाल, राकेश एवं अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।







## वैक्सीनेशन कार्यक्रम में सुधार को लेकर पार्षद महेंद्र कुमावत ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

चौमूं (हमारा वतन) कोरोना महामारी से बचाव के लिए चलाए जा रहे वैक्सीनेशन कार्यक्रम में हो रही है अव्यवस्था एवं इससे लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए वैक्सीनेशन कैंप में प्रभावी व उचित व्यवस्था करवाने की मांग को लेकर चौमूं नगर पालिका के पार्षद महेंद्र कुमावत ने उपखंड अधिकारी राहुल जैन को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में महेंद्र कुमावत ने बताया कि वैक्सीनेशन कैंप के लिए जारी किए जाने वाले कूपन लाइन में लगने वाले लोगों की बजाए उस कैंप में ड्यूटी कर रहे लोग अपने चहेतों को वितरित कर देते हैं । जिससे आमजन ठगा सा महसूस करता है। इसको लेकर कई जगह विवाद भी हो चुका है । हाड़ोता कैंप में भी लोगों में हाथापाई हो गई थी। इसी को मध्य नजर रखते हुए वैक्सीनेशन कैंप की व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार करवाया जाए। उपखंड



अधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी दिनों में कैंप वार्ड वाइज लगेंगे एवं कैंप स्थल का निर्धारण भी लाटरी से ही किया जाएगा ।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा